संख्या: 2/47/पैंतीस-2-2014-3/16(29)/09

प्रेषक,

नवीन चन्द्र त्रिपाठी,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

आर्थिक बोध एवं संख्या निदेशक,
उत्तर प्रदेश, लखन

नियोजन अनुभाग-2 **लखनऊ: दिनांक 21 मार्च, 2014**

विषय- **"सांख्यिकीय प्रणाली में सुधार" योजना के अन्तर्गत अर्थ एवं संख्या प्रभाग के क्षेत्रीय कार्यालयों एवं मुख्यालयों हेतु कम्प्यूटर व सहवर्ती उपकरण क्रय किये जाने के संबंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्रांक 02/एसएसएसपी सेल-27/2011, दिनांक 06 जनवरी, 2014 के माध्यम से प्राप्त प्रस्ताव पर सम्यक विचारोंपरान्त यू0पी0डेस्को से एच0पी0/डेल/एच0सी0एल0 ब्रान्ड के लगभग 215 कम्प्यूटर, 215 यू0पी0एस0, 215 एण्टीवायरस साफ्टवेयर, 215 एम0एस0 आफिस साफ्टवेयर तथा 102 लेजर प्रिन्टर, स्टेटा-13 साफ्टवेयर-1 अदद् तथा पी0डी0एफ0 राइटर साफ्टवेयर-1 अदद् क्रय किये जाने पर होने वाले व्यय रू0 2,74,47,000/- (रू0 दो करोड चौहत्तर लाख सैतालिस हजार मात्र) की प्रशासनिक स्वीकृत के सापेक्ष 50 प्रतिशत रू0 1,37,23,500/- (रू0 एक करोड सैतालिस लाख तेईस हजार पांच सौ मात्र) यू0पी0डेस्को को उक्त धनराशि को भुगतान किये जाने हेतु अग्रिम आहरण किये जाने की स्वीकृति निम्नलिखित शर्तो के अधीन प्रदान की जाती है :-

(1) उक्त अग्रिम आहरण वित्त विभाग के शासनादेश संख्या: ए-1-2774/दस-15-1(1)/69, दिनांक 25.10.1983 एवं शासनादेश संख्या: ए-1-235/दस-2011-15-1(1)/69, दिनांक 10.06.2011 में निहित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन सुनिश्चित किया जायेगा।

(2) स्वीकृत अग्रिम धनराशि का समायोजन दिनांक 31 मार्च, 2014 तक सुनिश्चित किया जायेगा।

(3) स्वीकृत धनराशि का व्यय सुसंगत शासनादेशों, नियमों के अनतर्गत समस्त औपचारिकताओं की पूर्ति करते हुए नियमानुसार किया जायेगा।

(4) धनराशि के व्यय के उपरान्त यदि कोई हानि होती है तो उसके लिए आहरण एवं वितरण अधिकारी जिम्मेदार होंगे।

2- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या- ए-1-84/दस-14, दिनांक 20 मार्च, 2014 पर प्राप्त वित्त विभाग की सहमति से जारी किया जा रहा है।

भवदीय,

(नवीन चन्द्र त्रिपाठी)
विशेष सचिव।

संख्या: (1)/पैंतीस-2-2014-तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम व द्वितीय, उ0प्र0 इलाहाबाद।

http://basanadesh.up.nic.in

2. महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम व द्वितीय, उ0प्र0 इलाहाबाद।
3. वरिष्ठ आडिट आफीसर (आडीटर प्लानिंग) कार्यालय महालेखाकार लेखा परीक्षा, सत्य निष्ठा भवन, 15 थर्नहिल रोड, इलाहाबाद।
4. वित्त एवं लेखाधिकारी (पंचायती एवं सहकारी समितियां) इन्दिरा भवन, लखनऊ।
5. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-5
6. वित्त (लेखा) अनुभाग-1
7. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1
8. वरिष्ठ कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ ।
9. गार्ड फाईल ।

आज्ञा सें,

(नवीन चन्द्र त्रिपाठी)
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in